जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

24 अक्टूबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई

विश्वविद्यालय की छवि को धूमिल करने के प्रयास को गंभीरता से लेते हुए जामिया ने परिसर में दीपावली समारोह में बाधा डालने के लिए अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

यह पता चला है कि 22 अक्टूबर, 2024 की शाम को जामिया के छात्रों द्वारा आयोजित दीपावली समारोह में बाधा डालने के लिए कुछ अज्ञात व्यक्ति परिसर में घुस आए थे। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्रों ने दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता और दीपक जलाने का समारोह आयोजित किया था। यह कार्यक्रम सभी समुदायों और धर्मों के छात्रों द्वारा पारंपरिक उल्लास और उत्साह के साथ मनाया जा रहा था, लेकिन बाहरी तत्वों द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में प्रचलित सद्भाव को नष्ट करने के उद्देश्य से अनुचित नारेबाजी के रूप में व्यवधान उत्पन्न किया गया।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया जो अपने 104वें स्थापना दिवस का जश्न मनाने के करीब है, भारत सरकार के राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क के अनुसार देश में तीसरा शीर्ष रैंक वाला विश्वविद्यालय है और राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद से इसे उच्चतम ग्रेड A++ प्राप्त है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने संस्थान को बदनाम करने के लिए कुछ क्षेत्रों में हो रहे प्रयासों को बहुत गंभीरता से लिया है। यह संस्थान न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और शोध प्रदान करने में अग्रणी रहा है, अपितु अपनी स्थापना के बाद से राष्ट्र की समन्वयात्मक संस्कृति को बढ़ावा देने में भी अग्रणी रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुलिस से अनुरोध किया है कि वह ऐसे सभी अज्ञात व्यक्तियों और असामाजिक तत्वों की पहचान करे जिससे आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई की जा सके।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया